सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांकः 776/सो.आ.नि.–318(i)/2016
दिनाँकः 15 फरवरी, 2016

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बस्ती, मऊ तथा कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः वित्तीय वर्ष 2014–15 में कराए गए कार्यों के सोशल आडिट के लिए सोशल आडिट का कैलेण्डर।

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्र संख्या 589/सो.आ.नि.–318(i)/2015, दिनांक 17.12.2015 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त पत्र के बिन्दु संख्या–6 में सोशल आडिट सम्पन्न हो जाने के उपरान्त सोशल आडिट ब्लाक सभा (Exit Conference) का आयोजन ब्लाक पर किए जाने हेतु व्यवस्था है जिसमें अन्य के साथ–साथ ग्राम प्रधान भी बैठक में प्रतिभाग करेंगे।''

2. इस संबंध में संज्ञान में आया है कि कई विकास खण्डों में स्थानीय निकाय प्राधिकार निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है और इस प्रक्रिया में ग्राम प्रधान भी भागीदार होंगे। उक्त निर्णयों को ध्यान में रखते हुए यह उपयुक्त होगा कि जिन विकास खण्डों में स्थानीय निकाय प्राधिकार निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है उन ब्लाकों में सोशल आडिट ब्लाक सभा (Exit Conference) का आयोजन दिनांक 03 मार्च, 2016 तक न किया जाए। चुनाव के पूर्ण हो जाने के उपरान्त ब्लाक सोशल आडिट हेतु पुनः तिथि का निर्धारण कर लिया जाए और तद्नुसार ब्लाक सोशल आडिट (Exit Conference) का आयोजन पुनः निर्धारित तिथि को सम्पन्न किया जाए।

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

पत्रांकः–776 (1)/सो0आ0नि0–318(i)/2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः समस्त जिलाधिकारी, (गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बस्ती, मऊ तथा कासगंज को छोड़कर) उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(राजवर्धन)
निदेशक।